आदिवासी समाज को एंबुलेंस भेंट

नवभारत न्यूज नेटवर्क

बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं में होगा सुधार

पुणे. क्विक हील टेक्नोलॉजीज की सीएसआर पहल द क्विक हील फाउंडेशन की ओर से एनजीओ 'संगति' को एक नई एम्बुलेंस प्रदान की गई. संगति महाराष्ट्र के मोखाडा में आदिवासियों के विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए काम करने वाली एक एनजीओ है.

इन विशेष एम्बुलेंस की उपलब्धता से क्षेत्र में बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, दूरदराज के क्षेत्रों से रोगियों और डॉक्टरों के परिवहन की सुविधा होगी, स्थानीय लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल जैसे सामान्य चेक-अप, निदान और रोगों के उपचार तक पहुंच होगी.

एमडी व सीईओ डॉ. कैलाश काटकर ने कहा कि मोघाडा में आदिवासी लोगों के समग्र विकास के लिए संगति एनजीओ ने बहुत अच्छा काम किया है. यह एम्बुलेंस आदिवासियों के कल्याण के लिए उपयोगी होगी, चिकित्सा सेवाएं उन्हें समय पर उपलब्ध होंगी और उन्हें महंगा खर्च नहीं उठाना पड़ेगा. उद्योग में एक अग्रणी, जिम्मेदार कंपनी के रूप में, हम इस समुदाय के विकास में योगदान देते रहेंगे.